

# मऊगंज एसपी ने 37 गुम मोबाइल लोगों को सौपे

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 7 दिसम्बर, पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप सोनी के निर्देशन एवं एसडीओपी मऊगंज सचि पाठक के मार्गदर्शन में संचालित विशेष अभियान 'ऑपरेशन रिंग टोन' ने एक बार फिर बड़ी सफलता अर्जित की है.**

पुलिस कंट्रोल रूम मऊगंज में आयोजित कार्यक्रम में कुल 37 गुम मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए. इन मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत 6, 50, 000 बताई गई है. मोबाइल वापस पाकर उपस्थित नागरिकों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था. मऊगंज पुलिस ने इन मोबाइलों को विभिन्न जिलों और राज्यों से ट्रेस किया. ट्रैकिंग प्रक्रिया में पुलिस की त नीकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. मोबाइल वितरण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी ने कहा 'ऑपरेशन रिंग टोन नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग का एक प्रमुख हिस्सा है. मोबाइल सिर्फ एक डिवाइस नहीं, बल्कि नागरिकों की महत्वपूर्ण व्यक्तिगत और व्यावसायिक जानकारी का आधार है. इन्हें वापस कर हम जनता के प्रति अपने दायित्व और विश्वास को और सुदृढ़ कर रहे हैं. हमारी टीम इस दिशा में लगातार सक्रिय रहेगी. एसडीओपी सचि पाठक ने भी अभियान की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया.

# अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों के भविष्य के साथ कर रहा खिलवाड़

## सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय के छात्राओं ने लगाया आरोप, हनुमना के छात्र हो रहे परेशान, नहीं हो रही सुनवाई

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 7 दिसम्बर, मऊगंज जिले के हनुमना में स्थित सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय की छात्राएं श्रेया मिश्रा बी, ए फाइनल, प्रियंका पटेल, रेखा मौर्य बी ए फाइनल, सुधा पटेल ,अंशिका पटेल आदि कई छात्राओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि हमारा कैरियर चौपट हो चुका है.**



आरोप यह है कि हनुमना की जिन छात्राओं ने सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय में अच्छे मार्क्स अर्जित किए उन्हें छात्राओं को अवधेश प्रताप सिंह विश्व विद्यालय यूनिवर्सिटी में उनका भविष्य अंधकार में धकेल दिया जा रहा है यूनिवर्सिटी कह रही है कि तकनीकी खराबी है कुछ छात्राओं ने एक एग्जाम की परीक्षा कई बार दे चुकी है उसके बाद यूनिवर्सिटी का रही है छात्र ने पेपर दिया ही नहीं यह कैसे संभव है जब सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय कह रहा है उत्तर पुस्तिका जमा है सब रिकॉर्ड है छात्राएं कह रही हैं कागज पर एब्सेंट है और वह हर बार एग्जाम देकर आई है अगर उन्होंने पेपर दिया तो उनके उत्तर पुस्तिका कहां गायब हो रही है यह गंभीर समस्या छात्राओं के साथ यूनिवर्सिटी में हो रहा है इसमें क्या तकनीकी खराबी है इसका जवाब कौन देगा सिर्फ एक छात्र की समस्या नहीं है बल्कि सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय के अनेकों छात्र-छात्राओं की यही समस्या है सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय का सेंटर शहिद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में किया गया था वहां के प्राचार्य ने लिखित जानकारी दी है यह परीक्षा में छात्राएं उपस्थित थे लेकिन विश्वविद्यालय द्वारा (ए पी यस) में अब्सेंट दिखाया जा रहा है शिक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है महा विद्यालय के प्राचार्य बता रहे हैं कि छात्र-छात्राओं को समय पर मार्कशीट नहीं दिया जा रहा है सप्लीमेंट्री आ रही है किसी अधिकारी या जनप्रतिनिधि की बेटी के साथ ऐसा होता तो पूरा शिक्षा प्रशासन जांच गंभीरता से करता कि ऐसा क्यों हो रहा है किंतु रीवा जिले की सामान्य घर की बेटियों और छात्राओं के साथ ऐसा खेल शिक्षा के साथ हो रहा है जिससे छात्राओं का उज्जवल भविष्य अंधकार में समा जा रहा है छात्र-छात्राओं ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी के कुलगुरु एवं कुल सचिव महोदय से विनम्र निवेदन किया है कि हमारे भविष्य को अंधकार में ना धकेला जाए और इस भारी समस्या से हमें निदान दिलाया जाए.

**फेल पास का चल रहा धंधा** -अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी के कुल गुरु एवं कुल सचिव का ध्यान आकृष्ट कराते हुए यह आरोप लगाया है कि पास फेल करने का धंधा चल रहा है. छात्राओं ने विश्वविद्यालय के कुलगुरु एवं कुलसचिव का ध्यान आकृष्ट कराया है कि इस गोरख धंधे को तत्काल प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया जाए.



# गुढ़ में करोड़ों की आरसीसी सड़क एक साल में ही फेल

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 7 दिसम्बर, गुढ़ नगर परिषद के अंतर्गत करोड़ों रुपये की लागत से बनी 4 किलोमीटर लंबी आरसीसी सड़क निर्माण की गुणवत्ता अब सवालों के घेरे में है.**

एक वर्ष के भीतर ही सड़क में जगह-जगह दरारें उभर आई हैं. सड़क पर बिछाई गई बाल पेपर की परत दबकर नीचे समा चुकी है, जिसके कारण मोटरसाइकिल चालक आए दिन फिसलकर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं. हर्दी मोड़-सब्जी मंडी मार्ग की स्थिति सबसे खराब है, जिसे स्थानीय लोग मौत का कुआं बताकर अपना रोष जता रहे हैं. सड़क किनारे नाली निर्माण का काम भी अब तक अधूरा है, जिससे बारिश के दौरान पानी सड़क पर भर जाता है और फिसलन बढ़ जाती है.

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सक्षम विभाग पूरी तरह उदासीन है, निर्माणकर्ता भाजपा नेता बताया जा रहा है जबकि ठेकेदार ने पांच साल की गारंटी ली थी.

नागरिकों ने सड़क की गुणवत्ता की जांच और ठेकेदार पर कठोर कार्रवाई की मांग की है. जल्द उक्त सड़क घोटाले की शिकायत ईओडब्ल्यू से की जायेगी.

# जुड़मनिया में लगाया गया वित्तीय साक्षरता शिविर

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 7 दिसम्बर, नईगढी जनपद पंचायत क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 जुड़मनिया रघुनाथ में गांव के वरिष्ठ नागरिक नागार्जुन सिंह एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती भारती पटेल की उपस्थिति मं वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया.**

जिसमें सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई. खास कर जिन खाता धारकों का पैसा 10 साल तक लेनदेन न करने से आरबीआई को वापस चला गया हो वह तत्काल अपने बैंक से संपर्क कर अपना आवश्यक रिकॉर्ड प्रस्तुत कर मैं ब्याज सहित वापस ले सकते हैं. इस सुनहरे अवसर का अवश्य लाभ ले इस सुंदर आयोजन के लिए सभी उपस्थित जनों को जिला प्रशासन मऊगंज की तरफ से बहुत-बहुत बधाई तथा ढेर सारी शुभकामनाएं एव बधाइयां दी गई.

# नयागांव खरीदी केंद्र में अव्यवस्था चरम पर

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 7 दिसम्बर, मऊगंज जिले के हनुमना तहसील अंतर्गत नयागांव खरीदी केंद्र में अव्यवस्थाएँ लगातार बढ़ती जा रही हैं.**

किसानों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि केंद्र में खरीदी व्यापारियों द्वारा स्वयं कराई जा रही है, जबकि समिति की ओर से मजदूर उपलब्ध ही नहीं कराए गए हैं. इससे संपूर्ण प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं.किसानों के अनुसार जहाँ नियम अनुसार एक बोरी का वजन 40 किलो 700 ग्राम होना चाहिए, वहीं केंद्र में 41 किलो तक का वजन लिया जा रहा है. यह अतिरिक्त वजन किसानों की उपज का सीधा नुकसान करा रहा है. सबसे बड़ी लापरवाही यह सामने आई है कि एक ही प्रबंधक को दो बड़े खरीदी केंद्रों की जिम्मेदारी दे दी गई है. कृषि उपज मंडी खरीदी केंद्र, नयागांव खरीदी केंद्र, दोनों केंद्रों का संचालन एक ही व्यक्ति के हाथ में होने से न सिर्फ निगरानी कमजोर हो गई है, बल्कि मनमानी और पक्षपात के लिए रास्ता भी खुल गया है. स्थानीय किसानों का कहना है कि केंद्र पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी की मौजूदगी नहीं रहती, जिससे व्यापारी मनचाहा वजन, माप और प्रक्रिया लागू कर रहे हैं. सरकारी खरीदी व्यवस्था की ऐसी खुली अनदेखी से किसान परेशान और आक्रोशित हैं. किसानों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों से तत्काल कार्रवाई करते हुए दो केंद्रों पर अलग-अलग प्रबंधक नियुक्त करने, वजन की अनियमितता की जांच कराने,तथा बिना मजदूर व बिना निगरानी चल रही अनियमितताओं पर रोक लगाने की मांग की है.



भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक में चर्चा करते अध्यक्ष

# पढ़ाया यातायात का पाठ, दिलाई हेलमेट लगाने की शपथ

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 7 दिसम्बर, ढेरा के संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को सिखाए गए यातायात नियम, हेलमेट लगाने की शपथ दिलाई.**

पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी एवं एसडीओपी शशि पाठक के मार्गदर्शन में ढेरा के संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य रूप से यातायात प्रभारी नरेश प्रताप सिंह ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की. कार्यक्रम के दौरान नरेश प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को सड़क पर चलने के मूल नियम, सड़क संकेतों का महत्व, वाहन चलाते समय सावधानियों तथा ओवरस्पीडिंग के खतरे के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी तरीका सही यातायात नियमों का पालन करना है.

यातायात प्रभारी ने दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया और विद्यार्थियों को स्वयं हेलमेट पहनने के साथ-साथ अपने परिवारजनों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की. कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को हेलमेट लगाने और यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई.

# भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक में लिये गये कई निर्णय

## गौशाला और उपार्जन केन्द्रों की सतत निगरानी का लिया निर्णय

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 7 दिसम्बर, शुक्रवार को शिव प्रसाद मैरिज गार्डन हनुमना में भारतीय किसान संघ तहसील हनुमना की मासिक बैठक संभागीय अध्यक्ष रीवा सी यल द्विवेदी, जिला अध्यक्ष मऊगंज हरिशंकर पांडे, तहसील अध्यक्ष हनुमना रामकृष्ण मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न की गई.**

जिसमें भारतीय किसान संघ के सम्मानित सक्रिय सदस्य एवं कई पदाधिकारी उपस्थित रहे. तहसील अध्यक्ष रामकृष्ण मिश्रा ने संघ का गीत सुनाया तत्पश्चात कार्यवाही प्रारंभ हुई जिसमें इंद्र बहादुर सिंह को तहसील मंत्री का नया दायित्व सौपा गया. जिला अध्यक्ष हरिशंकर पांडे ने बताया कि तहसील हनुमना में संचालित सभी गौशालाओं एवं उपार्जन केंद्रों कि सतत निगरानी के लिए भारतीय किसान संघ के सदस्यों के बीच से ही संयोजक नियुक्त करना है जिसकी सूची अति शीघ्र फाइनल कर प्रदान करें ताकि कलेक्टर महोदय को उक्त सूची दी जा सके और वह संयोजक किसानों के बीच जाकर संवाद स्थापित करने तथा आवश्यकता अनुसार समस्याओं को निवारण हेतु जिला अध्यक्ष, एसडीएम,एवं जिला कलेक्टर को मिलकर अवगत कराएगा.

तहसील अंतर्गत सभी समितियां में डीएपी एवं यूरिया खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि आगामी रवि सीजन में खाद के लिए किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो,.धान उपार्जन केंद्र तीन और बढ़ाए जाएं ताकि किसान अपनी फसल आसानी से बेच सके. इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष रीवा सी यल द्विवेदी जिला अध्यक्ष मऊगंज हरिशंकर पांडे, तहसील अध्यक्ष रामकृष्ण मिश्रा, तहसील प्रभारी यज्ञ नारायण सिंह, गोविंद नारायण पाठक, राजकरण पांडे, प्रमोद मिश्रा मौजूद रहे.

# पाइप लाइन डालने के लिये किसान की बाड़ी तोड़ी गई

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 7 दिसम्बर, कम्पनी दिलीप बिल्डिकॉन द्वारा पाइप लाइन डालने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है, सम्बंधित कम्पनी की समस्त मशीनरी इन दिनों रायपुर कर्चुलियान जनपद की ग्राम पंचायत जरहा में उतरी हुई हैं.**



मिली जानकारी के मुताबिक पाइप लाइन के कार्य में जो पाइप डाले जा रहे हैं उनकी लम्बाई-चौड़ाई और ऊंचाई काफ़ी ज्यादा है अत: पाइप डालने के पहले जहाँ पर रखी जाती है उस ज़मीन का एक बहुत बड़ा हिस्सा प्रभावित होता है,, अब इसे कम्पनी की आदूरदर्शिता कहें या कर्मचारियों की तानाशाही इनके द्वारा पाइप रखने और उठाने में सम्बंधित ज़मीन मालिक से कोई मतलब नहीं रखा जाता, इनको अपने काम से मतलब है किसान की परेशानी से नहीं. ताजा मामला ग्राम पंचायत जरहा के किसान सूर्यभान मिश्रा से जुड़ा हुआ है जहाँ पर कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा रात के अँधेरे में इनके खेत के अंदर रखे पाइप उठवाए गए जिससे आवारा मवेशियों से फसल को बचाने के लिए लगाई गई बाड़ी टूट गई, और लगभग एक एकड़ रकवे में उगाई गई अरहर की फसल चौपट हो गई. पीड़ित किसान का कहना है की सम्बंधित कम्पनी के वरिष्ट अधिकारियों द्वारा अविलम्ब फसल नुकसान का मुआयना कर, समुचित राहत राशि नहीं प्रदान की जाती तो राजस्व विभाग के वरिष्ट अधिकारियों को, फसल नुकसान सम्बन्धी आवेदन दिया जाएगा, साथ ही राहत राशि ना मिलने तक क्षेत्र में काम बंदी भी की जावेगी, जिसकी समस्त जबाबदारी सम्बंधित कम्पनी की होगी.

# समाजसेवी मथुरा प्रसाद का दु :खद निधन

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 7 दिसम्बर, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता तथा वरिष्ठ समाजसेवी मथुरा प्रसाद गुप्ता 78 वर्ष का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया. श्री गुप्त विगत कई महीनों से अस्वास्थ्य चल रहे थे 7 दिसंबर को ब्रह्म मुहूर्त तकरीबन 3:00 बजे अपने निज निवास में अंतिम सांस ली.**

निधन पर विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य, हनुमान नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक डॉक्टर रवि प्रताप द्विवेदी जिला संघ चालक रामाधार द्विवेदी, एसआरपी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर आर आर शुक्ला वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता, काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी में विधि संकाय के प्राध्यापक डॉ नवल किशोर मिश्रा, सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक विजयपाल सिंह सह व्यवस्थापक एडवोकेट कमलनयन केसरी, अध्यक्ष शंकर लाल गुप्त, प्राचार्य अशोक पाल, संविदाकार कृष्ण मुरारी गुप्ता, बाजपेई युवा नेता सुमित गुप्ता, पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरिष्ठ पत्रकार संपति दास गुप्ता, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा, फर्स्ट चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कृष्ण कुमार गुप्ता, राजेश शुक्ला आनंद मिश्रा सरोज गुप्ता श्याम बाबू गुप्ता टिंकल केसरी, वाहन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, पुष्पेंद्र गुप्ता, जनार्दन दासगुप्त विष्णु दासगुप्त, श्यामलाल गुप्त ने शोक व्यक्त किया.



# शिवनारायण सिंह के घर में किया गया ध्वजा रोहण

## प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को होता है कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सिरमौर 7 दिसम्बर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सिरमौर के उत्तराधिकारियों के द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को ध्वजारोहण किया जाता हैं ।**

आज रविवार को समय 10.10पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विष्णु देव सिंह के पुत्र इंजीनियर शिनारायण सिंह के घर मे ध्वजा रोहण किया गया तत्पश्चात उनकी प्रतिमा मे पुष्प सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं ब्लॉक अध्यक्ष डीपी पांडे के द्वारा ब्लॉक सिरमौर में ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन में जोड़ने की पहल की गई इसी कड़ी में संयोजक संतोष सिंह जी ने संगठन के मजबूती एवं संगठन के स्वतंत्रता संग्राम के उत्तराधिकारियों के लिए शासन प्रशासन के द्वारा चलाए गए योजनाओं का लाभ सभी को मिलना चाहिए.

वही इंजीनियर राजेंद्र पांडे ने भी संगठन के संबंध में एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके उत्तराधिकारियों के संबंध में विस्तार से प्रकाश डालें तथा गोविंद पांडे ने संगठन को मजबूती कैसे प्रदान हो उसी के संबंध में दिशा निर्देश के संबंध में मार्गदर्शन किया.

इस गरमामई कार्यक्रम में अनिल सिंह दमन सिंह अमित सिंह सत्यनारायण सिंह संजीव सिंह शिवनारायण सिंह शिवेंद्र सिंह विकास पांडे इंजीनियर राजेंद्र पांडे डॉक्टर डीपी पांडेवरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र पांडे भारतीय राष्ट्रीय पत्रकारके प्रांतीय मुख्य महासचिव एवं ब्यूरो चीफ मप्र बीरेंद्र प्रसाद मिश्र रजब खान निलेश कॉल नरेश पांडे समी श्रीवास्तव आज सैकड़ो के तादाद में जनता जनार्दन एवं उत्तराधिकारी उपस्थित रहे.

# हनुमना नगर में लगातार बढ़ता जा रहा अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 7 दिसम्बर, हनुमना नगर के समाजसेवी रितेश केसरी ने हनुमान नगर के लगातार बढ़ते अतिक्रमण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि नगर परिषद क्षेत्र के हनुमना बाजार में अतिक्रमण की अति हो चुकी है.**

नगर परिषद हनुमना के ओल्ड नेशनल हाईवे नंबर 7 एवं नगर परिषद के वार्ड 4- क्रमांक 9 वार्ड क्रमांक 10 जहां पर मेन बाजार का संचालन किया जाता है नगर के अतिक्रमण कारियों द्वारा सड़क पर दुकान लगाई जा रही है जिसकी जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को होने तथा शिकायत के बावजूद भी लगातार बढ़ते अतिक्रमण पर कार्यवाही नहीं किया जाना कहीं नहीं कहीं नगर पालिका प्रशासन और अतिक्रमणकारियों कीमिली भगत पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है सड़क पर दुकानें लगा लेने से जाम लग जाने के कारण इमरजेंसी में आम जनमानस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है नगर में फोर लाइन सड़क निर्माण हो जाने के बावजूद फोरलेन की दोनों साइड के एक-एक लाइन इन दुकानदारों के अतिक्रमण की चपेट में आ चुकी है जिला कलेक्टर द्वारा अगर औचक निरीक्षण किया जाए तो सच्चाई सामने आएगी.